राष्ट्रीय सैनिक संस्था इटावा इकाई द्वारा आयोजित समारोह में माननीय राज्यपाल महोदय का संबोधन

(11 अगस्त, 2023)

जय हिन्द!

राष्ट्रीय सैनिक संस्था, इटावा इकाई की ओर से, नुमाइश पाण्डाल, ज्योति नगर इटावा में आयोजित, आज के इस समारोह में उपस्थित, सम्मानित शहीद सिपाहियों के परिवार जन, देश भक्त नागरिक गण, गौरव सेनानी, कार्यक्रम के अध्यक्ष पूज्य पवन सिन्हा गुरूजी, आंध्र प्रदेश सरकार में सलाहकार श्री राजन छिब्बर जी, इटावा की विधायक श्रीमती सरिता भदूरिया जी, श्री सचिन सिंह यादव जी, राष्ट्रीय सैनिक संस्था के अध्यक्ष, वीर चक्र, कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी जी और राष्ट्रीय सैनिक संस्था परिवार के सभी सम्मानित सदस्य गण!

इटावा इकाई की ओर से आयोजित, आज के इस समारोह में, मुझे आमंत्रित करने के लिए, मैं राष्ट्रीय सैनिक संस्था को, और इटावा की सम्मानित परिवार के सदस्यों का, हार्दिक आभार प्रकट करता हूँ।

मेरी बहुत इच्छा थी कि, मैं इस अवसर पर, आपके बीच आकर, समारोह का हिस्सा बनूं, लेकिन, कुछ व्यस्तताओं के कारण, ऐसा नहीं हो पाया।

आप सब जानते ही हैं कि, हर बार मेरी यह कोशिश रहती है कि, मैं सैनिक संस्था, और अपने वीर सेनानियों के बीच आकर, अधिक से अधिक समय बिताऊँ। पूर्व सैनिकों, गौरव सेनानियों और उनके परिवार जनों के बीच आकर, शामिल हो सकूँ।

आज के इस अवसर पर भी, मुझे आपके बीच आकर, समारोह का हिस्सा बनने की हार्दिक इच्छा थी, लेकिन जैसे कि मैंने पहले ही बताया है, कुछ व्यस्तताओं के कारण ऐसा संभव नहीं हो पाया है।

मैं हमेशा ही यह मानता हूँ कि, सैनिक संस्था मेरा परिवार है, सभी सैनिक और पूर्व सैनिक गण, मेरे इसी परिवार के सदस्य हैं।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था, गौरव सेनानियों और देश भक्त नागरिकों को, एकता के सूत्र में, जोड़ रही है।

हमारी राष्ट्रीय, अन्तर्राष्ट्रीय चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए, हमारे राष्ट्रीय सैनिक संस्था के गौरव सेनानी, निरंतर कार्य कर रहे हैं।

आज जब हम स्वतंत्रता के अमृत काल में, विकसित भारत की ओर, कदम बढ़ा रहे हैं, ऐसे समय में, हमारे गौरव सेनानियों, सैनिकों, पूर्व सैनिकों, देशभक्त नागरिकों की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण हो जाती है।

यह अगस्त का महीना है, और चार दिन बाद ही, हम देश की आजादी का, महान उत्सव मनाएंगे। ऐसे समय में, हमें इस आजादी के उन महान नायकों की याद, आती है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए, बहुत बड़ा संघर्ष किया था। उन महान नायकों ने आजादी की लड़ाई लड़ी थी, और देश की स्वतंत्रता के लिए, अपना सर्वोच्च योगदान और बलिदान, दिया था।

आज हम स्वतंत्र हैं, हमारा देश आजाद है। हमारी सीमाएं, देश के वीर सैनिकों के हाथों में, सुरक्षित हैं, और देश का नेतृत्व, देश को हर एक दिशा में, प्रगति के मार्ग पर, आगे की ओर, ले कर जा रहा है।

ऐसे समय में, हम सब देश के, एक नागरिक होने के नाते, देश के लिए, अपने योगदान के प्रति, जागरूक हैं।

हम सब की जिम्मेदारी है कि, हम देश को विकास, और तरक्की की एक नयी दिशा में, तेज गति से, आगे लेकर जाएं।

आजादी के अमृत काल का लक्ष्य, स्पष्ट है। आने वाले 24–25 वर्षों में, हमें, आत्मनिर्भर, विकसित और गौरवशाली भारत बनाने में, बड़ा योगदान, देना है। चाहे भ्रष्टाचार को मिटाने की बात हो, बाढ़ या भूस्खलन जैसी, प्राकृतिक आपदाओं से, देश को उबारने की बात हो, हमें हर एक मोंचे पर, देश की सुरक्षा, तरक्की और विकास के लिए, कार्य करना है।

हमारी राष्ट्रीय चेतना, संस्कृति, इतिहास और परंपराओं की रक्षा के लिए, हमें राष्ट्र प्रथम की भावना से, सदैव तत्पर रहना होगा। राष्ट्रीय सैनिक संस्था, हमें इसके लिए, निरंतर प्रेरित, करती रहती है।

देश की आन, बान और शान की रक्षा, हम सब की सामूहिक, जिम्मेदारी है।

भ्रष्टाचार, हमारा एक बहुत बड़ा शत्रु है, यह किसी भी देश की नींव को, हिला सकता है। जिस देश में भ्रष्टाचार, अपनी जड़ें जमा दे, उस देश की प्रगति सम्भव नहीं है।

आज के समय में, हम सब के लिए, यह एक सुःखद संकेत है कि, ऑनलाईन अर्थव्यवस्था से लेनदेन में, पारदर्शिता बढ़ रही है।

हमारी अर्थव्यवस्था में, स्वच्छ अर्थव्यवस्था का, विकास हो रहा है। टैक्स सिस्टम में भी, बड़े बदलाव हो रहे हैं। सरकार की नीतियां, पारदर्शिता के साथ, लोगों के सामने पूर्ण होती हुई, दिखाई दे रही हैं।

यह हमारी प्रगति की निशानी भी है, और भ्रष्टाचार को जड़ से खत्म करने के प्रति, प्रतिबद्धता भी।

लेकिन नागरिक समाज को, सदैव, इस दिशा में गम्भीरता पूर्वक, सचेत रहना होगा।

हमें राष्ट्रीय सैनिक संस्था के नेतृत्व में, नागरिक समाज और गौरव सेनानियों के सहयोग से भ्रष्टाचार को मिटाने की दिशा में, ठोस कार्य करने की आवश्यकता है।

राष्ट्रीय सैनिक संस्था, इस अभियान को आगे बढ़ाए, इसके लिए हम सब को, एकजुटता के साथ आगे आना होगा, और एक मिशन के रूप में कार्य करना होगा।

कर्नल तेजेन्द्र पाल त्यागी जी के नेतृत्व में, राष्ट्रीय सैनिक संस्था, और संस्था से जुड़ा हमारा पूरा परिवार बहुत ही गम्भीरता और एक मिशन की भावना के साथ, देश के नवनिर्माण में, एक बहुत बड़ी भूमिका निभा रहा है।

मैं राष्ट्रीय सैनिक संस्था परिवार के, अपने सभी सदस्यों को, देश भक्त नागरिकों को, और सभी गौरव सेनानियों को आज, के इस अवसर पर, एक बार फिर से इस महान पुण्य कार्य में जुटने के लिए, हार्दिक आभार व्यक्त करता हूँ, सभी को धन्यवाद देता हूँ।

जय हिन्द!